समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# इंग्लैडं ने टॉस जीतकर चुनी गेदंबाजी, भारत पहले करेगा बैटिंग ; बुमराह बाहर, ये है दोनों टीमों की प्लेइंग XI .

Publisher

Published on 02 Jul 2025




## बर्मिंघम टेस्ट मे इंग्लैडं ने टॉस जीतकर भारत को बैटिंग का न्योता दिया, जसप्रीत बुमराह को नहीं मिली जगह, शुभमन गिल कर रहे है कंप्तानी ।

**टॉस इंग्लैडं के नाम, गेदंबाजी का फैसला**

**इंग्लैडं के कप्तान बेन स्टोक्स** ने दूसरे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर **पहले गेदंबाजी करने** का फैसला किया है। इस मुकाबले में टीम इंडिया **पहले बल्लेबाजी** करेगी।

एजबेस्टन के ऐतिहासिक मैदान पर भारत ने आज तक कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है, ऐसे में टॉस हारना टीम इंडिया के लिए एक मनोवैज्ञानिक दबाव बन सकता है।

**टीम इंडिया मे 3 बड़े बदलाव, बुमराह नहीं खेल रहे**

१. **भारतीय टीम ने पहले टेस्ट मे हंार के बाद तीन बदलाव किए है।**

२. **बाहर हुए खिलाड़ी : साई सुदर्शन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह**

३. **नए खिलाड़ी शामिल : नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, आकाशदीप**

४. **जसप्रीत बुमराह का न खेलना एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इसके अलावा कुलदीप यादव को भी टीम मे जंगह नहीं दी गई है।**

**क्या कहते है आंकड़े ?**

१. **एजबेस्टन मे टॉस जीतने वाली टीम का जीत प्रतिशत है : 35.71%**
२. **जबकि टॉस हारने वाली टीम का जीत प्रतिशत है : 37.50%**
३. **भारत ने यहां अब तक कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है**
४. **इन आंकड़ों से साफ है कि भारत के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होने वाला।**

**भारत की प्लेइंग XI:**

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

**इंग्लैडं की प्लेइंग XI:**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर

**क्या कहते है एंक्सपर्ट ?**

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के लिए यह मुकाबला काफी अहम है। अगर टीम इंडिया यह टेस्ट हारती है, तो सीरीज से बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी में यह दूसरा टेस्ट है, और उन पर काफी दबाव रहेगा।

वहीं, इंग्लैंड अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा। उनके पास **होम कंडीशन्स** और **अनुभवी गेदंबाजी** आक्रमण का फायदा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.